गुलदार (तेदुंए) को देखने पर क्या करें और क्या न करें

Photograph by Aditya Bisht

ये करें ✓

झुंड में यात्रा करें या अगर आप गुलदार वाले इलाके से अकेले गुज़र रहे हैं तो संगीत बजाएं या आवाज़ करते रहें ताकि जानवर को आपकी उपस्थिति का पता लग जाए। इससे वह दूर चला जाएगा

जंगलों में घास चराने की बजाय पशुओं को एक ही जगह पर खाना खिलाएँ

अगर राह में कभी आपको गुलदार दिखता है तो उसे जाने का रास्ता दें। गुलदार हमेशा ख़तरनाक नहीं होते हैं।

अपने पशुधन को गुलदार से बचाव प्रदान करने वाले ग्रिल के बाड़े में रखें

कूड़ेदानों को ढक कर रखें और कचरे का निपटान कुशल रूप से करें क्योंकि खुले में पड़े कूड़े से आवारा कुत्ते, आवारा जानवर और दूसरे जंगली शाकाहारी जानवर आकर्षित होते हैं और इनकी उपस्थिति तेंदुए को आकर्षित करती है

अपने घर के आसपास उगे सभी झाड़ियों और लंबी घासों को हटा दें। इससे गुलदार घर के आसपास छिप नहीं सकेगा

शाम को और रात को अपने घर के आसपास की जगहों को रोशन रखें, और भोर या देर रात बाहर जा रहे हैं तो टॉर्च लेकर चलें

माँ के बिना शावक दिखने पर वन विभाग को सूचित करें। शावकों को छूए या उठाए नहीं क्योंकि उनकी माँ आसपास हो सकती है और आक्रमण कर सकती है

इंसानों के रहने की जगह, इमारत या घर में अगर कोई गुलदार घुस आता है तो वन विभाग को सूचित करें

ये न करें ✕

भोर, देर शाम या रात को जंगल के आसपास पशुओं को न चराएं क्योंकि तभी तेंदुए सक्रिय होते हैं

उन जगहों में न जाएं जहां गुलदार दिखाई दिया है। गुलदार खुद इलाका छोड़कर चले जाते हैं। दूसरों को भी उन जगहों की सूचना दें ताकि वे भी उन जगहों या रास्तों से दूर रहें

छोटे बच्चों को घर के आसपास अकेला न छोड़ें और उन्हें गाँव में अकेले न घूमने दें

रात को खुले में अपने पालतू कुत्ते को न बांधें या उसे अकेला न छोडें क्योंकि कुत्ते तेंदुए को आकर्षित करते हैं

बच्चों को बाहर अकेले खेलने न दें और अँधेरा होने पर बुजुर्ग इंसान को घर के बाहर न जाने दें

गुलदार के सामने डर या गुस्सा न दिखाएं और अचानक कोई गतिविधि न करें क्योंकि इससे तेंदुआ आपको शिकार समझकर आप पर आक्रमण कर सकता है।

खुले में शौच न करें; शौचालय का इस्तेमाल करें।

गुलदार के लिए किए जाने वाले बचाव कार्य के आसपास भीड़ जमा न करें और तस्वीर लेने या विडियो बनाने की कोशिश न करें। बिना रुकावट किए बचाव दल को अपना कार्य करने दें

इंसानी पर्यावास में गुलदार के घुस आने पर उसके आसपास भीड़ जमा न करें क्योंकि भीड़ को ख़तरे के रूप में देखकर गुलदार आक्रमण कर सकता है

भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन पर भारत–जर्मनी सहयोग
2017 – 2023
भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन
के संबंध में सामंजस्यपूर्ण सहास्तित्व पद्धति का क्रियान्वयन